# कार्यालय जिला पंचायत बेमेतरा, (छ.ग.)

## जिला मिशन प्रबंधन ईकाई "बिहान"

nrlmdmmubmt2021@gmail.com Phone No -07824-222609 & Fax No. 222609

क्र./1579 /जि.पं/NRLM/2025–26 बेमेतरा, दिनांक 19/03/2026

## //विज्ञापन//

मिशन संचालक, SRLM, विकास आयुक्त कार्यालय, SRLM प्रकोष्ठ, विकास भवन, सेक्टर 19, द्वितीय तल, नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक ESTB/1107/2025-Section CGSRM, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23/02/2026 के परिपेक्ष्य में कार्यालय जिला पंचायत बेमेतरा के आदेश क्रमांक 1511/बेमेतरा, दिनांक 13.03.2026 के माध्यम से गठित जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में प्रदाय अनुशंसा के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विकासखण्ड कार्यालय में रिक्त पद विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक (संविदा) एवं क्षेत्रीय समन्वयक (संविदा) पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन **दिनांक 10.04.2026** को कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक विज्ञापन में दर्शित शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक दस्तावेजों तथा नवीनतम स्व–प्रमाणित फोटो के साथ कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बेमेतरा, जिला बेमेतरा छ.ग.के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई–मेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नही किये जावेगें एवं अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र को स्वमेंव निरस्त माना जावेगा।

### अ/पदों का विवरण :–

| क्रं. | रिक्त पद का नाम | कुल पद | रिक्त पद की वर्गवार जानकारी | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | | अ.पि.वर्ग | | अनुसूचित जनजाति | | अनुसूचित जाति | |
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक | 03 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 |
| 2 | क्षेत्रीय समन्वयक | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |

### ब/ पदवार शैक्षणिक अर्हता, अनुभव व मेरिट अंक का विवरण–

| क्र. | पदनाम | एकमुश्त मासिक वेतन (रू. में) | शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव | मेरिट हेतु अंक निर्धारण (कुल अंक 100) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विवरण | अंक |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| 1 | विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक | 39,875 | **शिक्षा–** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्था से स्नातकोत्तर उपाधि/द्विवर्षीय डिप्लोमा।<br>**अनुभव–**<br>स्नातकोत्तर उपाधि उपरांत विकासखण्ड/क्लस्टर स्तर के प्रबंधकीय/ समन्वयक पद का न्यूनतम 02 वर्ष का केन्द्र/राज्य शासन/ लोकल बॉडी/ गवर्न्मेंट एडेड संस्था (नीति आयोग के वेबसाईट में सूचीबद्ध संस्था) अंतर्गत ग्रामीण विकास/ गरीबी उन्मूलन/आजीविका संबंधित क्षेत्र का प्रासंगिक कार्यानुभव। | स्नाकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 35 |
| | | | | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | बारहवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 15 |
| | | | | न्यूनतम वांछित अनुभव के पश्चात् प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव 02 अंक एवं अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव के लिए 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक | 05 |
| | | | | साक्षात्कार | 15 |

Scanned with OKEN Scanner

| क्र. | पदनाम | एकमुश्त मासिक वेतन (रू. में) | शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव | मेरिट हेतु अंक निर्धारण (कुल अंक 100) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विवरण | अंक |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| 2 | क्षेत्रीय समन्वयक | 26,490 | **शिक्षा** – 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था/ विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट।<br>**अनुभव**–<br>स्नातक उपाधि उपरांत विकासखण्ड/ क्लस्टर स्तर के प्रबंधकीय/ समन्वयक पद का न्यूनतम 01 वर्ष का केन्द्र/राज्य शासन/ लोकल बॉडी/ गवर्नमेंट एडेड संस्था (नीति आयोग के वेबसाईट में सूचीबद्ध संस्था) अंतर्गत ग्रामीण विकास/ गरीबी उन्मूलन/आजीविका संबंधित क्षेत्र का प्रासंगिक कार्यानुभव। | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 35 |
| | | | | बारहवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | दसवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए | 20 |
| | | | | न्यूनतम वांछित अनुभव के पश्चात् प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव 02 अंक एवं अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव के लिए 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक | 05 |
| | | | | लिखित/कौशल परीक्षा | 10 |

**नोट :– सभी पदों के लिये छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।**

**नियम एवं शर्तें:–**

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन बंद लिफाफे में सिर्फ पंजीकृत/स्पीड डाक के माध्यम से दिनांक 10.04.2026 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कार्यालय जिला पंचायत बेमेतरा में ही स्वीकार किये जावेंगे। अन्य किसी माध्यम से एवं समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. रिक्त पदों के लिये पदवार अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य है। साथ ही पत्राचार हेतु एक खाली लिफाफा 5 रू. डाक टिकट सहित स्वयं का पता लिखा आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
3. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम का स्पष्ट उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
4. आयु न्युनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ निवासियों एवं विभिन्न वर्गों के लिये समय–समय पर जारी निर्देश के अनुरूप छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 1 जनवरी, 2026 के आधार पर की जायेगी।
5. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
6. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र ही मान्य किये जावेंगे।
7. आवेदन में आवेदक का फोटो एवं समस्त प्रमाण–पत्र तथा अंकसूची स्वप्रमाणित सत्यापित होना आवश्यक है। स्वप्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन–पत्र निरस्त माना जावेगा।
8. आवेदन में संलग्न समस्त आवश्यक दस्तावेज विज्ञापन जारी होने के पूर्व दिनांक तक का होना अनिवार्य है।

Scanned with OKEN Scanner

9. संविदा नियुक्ति एक वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात आवश्यकता होने पर कार्ययोग्यता, कार्यक्षमता, वार्षिक कार्य मूल्यांकन (Annual Performance Appraisal) एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनो पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।

10. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रं. एफ. 9–1/2012/1–3 दिनांक– 31 दिसंबर 2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होंगी।

11. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।

12. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।

13. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

14. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।

15. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों को मेरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा और उनमें से पात्र अभ्यर्थियों में से एक पद के विरूद्ध 15 अभ्यर्थियों को लिखित/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा तद्उपरांत अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।

16. विज्ञापन में वर्णित अनुभव के अलावा अन्य कोई भी अनुभव मान्य नहीं किया जावेगा।

17. आवेदन करने के समय अनुभव प्रमाण–पत्र जारी करने वाले संस्थान का नाम, पूर्ण पता व अनुभव हेतु जारी कार्यालय आदेश क्रमांक, दिनांक एवं जारीकर्ता अधिकारी का नाम एवं पदनाम, संपर्क हेतु सम्बंधित का दूरभाष नंबर तथा ईमेल की जानकारी एवं नियुक्ति आदेश की छायाप्रति अनिवार्य रूप से दिया जावे। अन्यथा इसके अभाव में आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव को मान्य न करते हुए अपात्र की श्रेणी में रखा जायेगा– जिसके लिये आवेदक ही स्वयं जिम्मेदार होंगे।

18. गवर्न्मेंट एडेड संस्था (नीति आयोग के वेबसाईट में सूचीबद्ध) से जारी अनुभव प्रमाण–पत्र हेतु आवेदक को कंडिका क्रमांक 16 में वर्णित नियम एवं शर्तों के अतिरिक्त समस्त कार्य अवधि का प्रमाणित पे–स्लीप/बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

19. अनुभव हेतु प्रस्तुत दस्तावेज मान्य/अमान्य किये जाने के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा।

20. यदि किसी आवेदक के अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जावेगा। उदाहरण के लिए यदि किसी आवेदक को 10वीं में ए ग्रेड मिला हो तथा ए ग्रेड 80 से 90 प्रतिशत तक हो तो, उस आवेदक के अंक को 85 प्रतिशत मानकर वरीयता सूची तैयार की जावेगी।

21. समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन पहले किया जावेगा।

Scanned with OKEN Scanner

22. शासकीय/गैर–शासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित, प्रस्तुत किया जावेगा।

23. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में सेवा अनुशासनहीनता/अनुचित व्यवहार/स्वेच्छाचारिता या अनियमितता के आधार पर छत्तीसगढ़ आजीविका संवर्धन समिति से अथवा अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किया गया हो चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।

24. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।

25. पदों की संख्या में परिवर्तन संभावित है।

26. विज्ञापन में पदवार जिले का रोस्टर लागू होगा। जिला नियुक्ति के पूर्व आरक्षित पदों का मिलान जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर से करने के पश्चात् ही नियुक्ति आदेश जारी करेंगे।

27. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप जिला पंचायत बेमेतरा (छ.ग.) के सूचना पटल, जिला प्रशासन बेमेतरा के वेबसाइट www.bemetara.gov.in, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' की वेबसाइट www.bihan.gov.in से अवलोकन/डाउनलोड किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी उपरांत दावा–आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची, सूचना एवं अन्य दिशा–निर्देश कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट www.bemetara.gov.in, में प्रकाशित किया जावेगा। इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अभ्यर्थियों को अन्य किसी भी माध्यम से भर्ती संबंधी पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।

28. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावेगी।

29. आवेदक द्वारा आवेदन के समय प्रस्तुत समस्त दस्तावेज नियुक्ति उपरांत गलत पाए जाने पर उनकी नियुक्ति निरस्त करते हुए कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

30. नियुक्ति के समय चरित्र सत्यापन एवं मेडिकल फिटनेस कराया जावेगा।

31. संविदा नियुक्ति के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

32. मिशन संचालक SRLM, विकास आयुक्त कार्यालय, अटल नगर नवा रायपुर, के निर्देशानुसार नियमों में परिवर्तन मान्य है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बेमेतरा

Scanned with OKEN Scanner

# संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम ..........................................................

| अभ्यर्थी नवीनतम स्व–प्रमाणित फोटो चिपकाये |
|---|

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत– बेमेतरा
पिनकोड– 491335

1. अभ्यर्थी का नाम – अ. हिन्दी में :..........................................................
   ब. अंग्रेजी में :..........................................................
2. पिता/पति का नाम :..........................................................
3. लिंग (महिला/पुरूष/तृतीय लिंग) :..........................................................
4. जन्म तिथि अ. अंको में :..........................................................
   ब. शब्दो में :..........................................................
   स. दिनांक 01.01.2026 को आयु वर्ष :......................माह ....................दिन........................

**(हाई स्कूल सर्टिफिकेट 10 वीं परीक्षा का प्रमाण पत्र संलग्न करें)**

5. वर्ग ( अनु.जाति/अनु.जनजाति/अ.पि.व./सामान्य):..........................................................
6. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) :..........................................................
   :..........................................................
   :..........................................................
7. स्थायी पता (हिन्दी में) :..........................................................
   :..........................................................
   :..........................................................
8. मोबाईल नंबर :..........................................................
9. ई–मेल आईडी :..........................................................
10. आधार नंबर :..........................................................
11. शैक्षणिक योग्यता – (शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्रों की सत्यापति छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा में सम्मिलित विषय/विषय समूह का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 वी. | | | | | |
| 2 | 12 वी. | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

12. अनुभव का विवरण :–

| क्रं. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | माह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

13. क्या किसी भी थाना/न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज/लंबित तथा पूर्व में किसी भी प्रकार का सजा हुआ है या नहीं– ..........................

(हां तो विवरण दे)

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. ....................................................... 6. .......................................................
2. ....................................................... 7. .......................................................
3. ....................................................... 8. .......................................................
4. ....................................................... 9. .......................................................
5. ....................................................... 10. .......................................................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

स्थान :– ...............................

नाम – ...............................................

दिनांक :– ...............................

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारिया पूर्ण एवं सत्य है। चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

स्थान :– ...............................

नाम – ...............................................

दिनांक :– ...............................

Scanned with OKEN Scanner